प्रादेशिक समाचार
दिनांक–04.06.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

रांची के नगड़ी मौजा में प्रस्तावित रिम्स टू की जमीन पर प्रशासन की मौजूदगी में बाउंड्री का काम शुरू हो गया है। निर्माण कार्य की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने इसका कड़ा विरोध किया। मौके पर पहुंचे कांके अंचल अधिकारी अमित भगत और पुलिस बल ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। दूसरी ओर, ग्रामीणों का कहना है कि यह उनकी उपजाऊ खेती योग्य जमीन है, जिससे उनकी आजीविका जुड़ी है।

****

केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल पर जामताड़ा में विशेष उत्साह है। भाजपा जिला महामंत्री अभय कुमार सिंह ने इसे विकास का स्वर्णिम युग बताया है।

वहीं ग्रामीण महिला सुलेखा मोहली ने कहा कि उज्ज्वला योजना और बैंक ऋण से महिलाएं सशक्त हुई हैं। अंतिम व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचने से देश की वैश्विक पहचान मजबूत हुई है।

****

हजारीबाग के चुरचू प्रखंड की हेन्देगढ़ा पंचायत में महिला किसानों के लिए जलवायु–स्मार्ट और जैविक कृषि पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य कम लागत में टिकाऊ खेती के जरिए उत्पादन और आय बढ़ाना है। केंद्रीय वर्षा आधारित ऊपरी भूमि धान अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. शिव मंगल प्रसाद और डॉ. सोमेश्वर भगत ने महिलाओं को मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने तथा रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने की विस्तृत जानकारी दी।

****

चतरा के ईको पार्क में आज विश्व पर्यावरण दिवस के सप्ताहव्यापी कार्यक्रम के तहत भव्य पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। तीन श्रेणियों में हुई इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया। बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और जलवायु परिवर्तन जैसे गंभीर विषयों पर अपनी रचनात्मकता के माध्यम से प्रकृति बचाने का संदेश दिया।

****

पलामू में पुलिस विभाग की आपातकालीन प्रणाली मजबूत करने के लिए डायल 112 के तहत 36 आधुनिक बाइक शामिल की गई हैं। डीआईजी किशोर कौशल और एसपी कपिल चौधरी ने इन जीपीएस और सायरन से लैस गश्ती वाहनों को हरी झंडी दिखाई। अधिकारियों के अनुसार, इससे पुलिस की कार्यक्षमता बढ़ेगी और त्वरित रिस्पॉन्स सुनिश्चित होगा।

****

पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में आज आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में चित्रपट झारखंड फिल्म फेस्टिवल–2026 के आयोजन की घोषणा की गई। यह तीन दिवसीय फिल्म महोत्सव आगामी 26 से 28 जून तक रांची स्थित सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति के सचिव पुलिन मित्रा और नवीन सहाय ने बताया कि इस फेस्टिवल की मुख्य विशेषता यह है कि इसमें केवल झारखंड के फिल्मकारों द्वारा निर्मित फिल्मों का ही प्रदर्शन किया जाएगा।

****

राज्य में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। मौसम विभाग ने रांची सहित राज्य के कई जिलों में गरज–चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अगले कुछ दिनों तक अधिकांश हिस्सों में बादल छाए रहेंगे, जिससे तापमान 36 से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहेगा।

****

यनशिप 2026 में झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी यानी जेएसएसपीएस के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। बाइथल इवेंट में आरती कच्छप ने रजत और आतासी कुमार ने कांस्य पदक जीतकर राज्य का गौरव बढ़ाया है। दोनों खिलाड़ी होटवार के जेएसएसपीएस स्विमिंग संटर की हैं।

**********समाप्त*********